# एबुलेंस की सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मंत्री



पाली जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने कहा कि जिले में संचालित हो रही आपातकालीन एंबुलेंस की सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले के चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा सेवा से जुड़े एनजीओ के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अगर एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने एवं एंबुलेंस की सेवा में लापरवाही व देरी के कारण किसी भी मरीज की जान चली जाती है तो इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलैक्टर मंत्री ने एंबुलेंस 108 के प्रतिनिधि से स्पष्ट कहा कि किसी भी कार्डिएक एवं न्यूरो पेशेंट को एंबुलेस से संबंधित चिकित्सा अधिकारी के परामर्श के बाद सीधे ही नजदीकी उच्च चिकित्सा संस्थान में पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतें।

जिला कलैक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि सरकार की आरजीएचएस योजना में पर्ची पर उपचार लिखते समय विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि हर चिकित्सक की यह भावना होनी चाहिए कि मरीज को समय पर उपचार मिले।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों के लिए पैसों की कमी नहीं है। सुविधा के अभाव में मरीजों को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए स्नेक बाइट केस हेतु एएसवी एवं डॉग बाइट केस हेतु अस्पताल में एआरवी इंजेक्शन की कमी नहीं होनी चाहिए। जिला कलैक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रशिक्षु आईएएस बिरजू चौधरी ने भी बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी व वितरण संबंधित निर्देश दिए और वय वंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 24 जून से प्रारंभ हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े में की जाने वाली गतिविधियों संबंधित निर्देश दिए।

गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और छूटे हुए लाभार्थियों की स्क्रीनिंग करने व आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। लाडो प्रोत्साहन योजना व जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर भुगतान के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहे स्टॉप डायरिया कार्यक्रम, टीबी कार्यक्रम, मॉ वाउचर योजना, जेएसवाई, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आरसीएच आदि कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर एडिशनल सीएमएचओ डॉ.पीसी दीपन, डिप्टी सीएमएचओ डॉ वेदांत गर्ग, डीडीडब्ल्यू के डीपीसी डॉ.विजेंद्रपाल सिंह चूंडावत, डीटीओ डॉ.उजमा जबीन, एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर, डीपीएम भवानीसिंह, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के प्रिंसिपल केसी सैनी ने भी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर सोजत पीएमओ डॉ राजेश गुप्ता, बाली पीएमओ डॉ.भरत टेलर, सुमेरपुर पीएमओ डॉ.महीपाल परमार, एनयूएचएम के डीपीओ जितेन्द्र परमार, मां योजना के डीपीसी रामप्रकाश गढ़वाल, डीपीसी आशा कुलदीप गोस्वामी, वियंग शर्मा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक से पहले जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने पाली पंचायत समिति के गुंदोज गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन किया तथा शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली।

बाद में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने पाली ब्लॉक के जवड़िया गांव के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

## 'माटी कला कामगार नहीं रहेगा बेरोजगार'

**जालोर**, (कासं)। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने बुधवार को जालोर दौरे के दौरान में बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में शिरकत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि माटी कला बोर्ड माटी शिल्पकारों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि माटी शिल्प कला को बढ़ावा देने एवं शिल्पकारों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा माटी शिल्पकारों को 2 हजार इलेक्ट्रोनिक चाप व मिट्टी गुथने की मशीने मुहैया करवाई जा रही हैं।

इससे शिल्पकारों के समय व श्रम की बचत होगी साथ ही गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार हो सकेंगे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय संबल शिविर के रूप में राज्य सरकार आमजन के द्वार तक पहुँची है जिसमें शिल्पकार केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकयाणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान जालोर आए श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने इलेक्ट्रोनिक चाप व मिट्टी गूंथने की मशीनों के लिए प्राप्त आवेदनों में जालोर, आहोर व भीनमाल उपखण्ड क्षेत्र की लॉटरी निकाली।

लॉटरी के माध्यम से 42 माटी कला शिल्पकारों का चयन किया गया।

इस अवसर पर जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी सहित माटी कला शिल्पकार उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने संविधान की हत्या कर आपातकाल सौंपा : टांक



जालोर में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रॉय टांक ने भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जालोर की ओर से राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक के बुधवार को जालोर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में स्वागत अभिनंदन किया गया ।

मंडल महामंत्री महेश भट्ट ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष का जालोर मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी द्वारा साफा पहनाकर एवं नगर महामंत्री सुरेश सुदेशा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने दुप्पटा पहनाकर कर स्वागत किया । कार्यकम के दौरान प्रहलाद राय टांक ने आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि यह देश की आत्मा को कुचलने का सीधा प्रयास था। आपातकाल एक ऐसे परिवार द्वारा रची गई साजिश थी, जो सत्ता के नशे में था और यह कांग्रेस की अत्याचारी और क्रूर मानसिकता का भी प्रमाण है, जिसने संविधान की हत्या करके देश को आपातकाल सौंप दिया। आपातकाल' कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था। 25 जून 1975 को लगे आपातकाल में देशवासियों ने जो पीडा और यातना सही, उसे नई पीढी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' का नाम दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती।

कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी ने श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुरेश सुन्देशा ने किया।

कार्यक्रम में दीपेंद्र सिंह ,सुरेश सोलंकी , निवर्तमान पार्षद दिनेश महावर,अशोक गुर्जर, अचल सिंह परिहार , महेंद्र राठौर , चतराराम माली, डिंपल सिंह, उत्तम प्रजापत भंवर प्रजापत , रमेश मेघवाल, अजय जाटव, रामेश्वर लाल कुमावत , मनोहर राणा , जितेंद्र सरगरा, किशन प्रजापत उपस्थित रहे। वहीं होटल पार्क व्यूह में प्रजापत समाज द्वारा भी श्रीयादे सेवा संस्थान की ओर से प्रहलाद राय टांक का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### आयुर्वेद वि.वि. का जागरूकता शिविर

**जोधपुर**, (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर महाविद्यालय द्वारा ''वर्ल्ड विटिलिगो डे'' के अवसर पर जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अंकिता आचार्य, डॉ. राकेश कुमार मीना एवं चतुर्थ वर्ष छात्रा कुसुम प्रजापत एवं आयात खान के द्वारा मण्डोर गार्डन में लगभग 165 लोगो को लाभान्वित किया गया,इस अवसर पर 23 जिलों से आए हुए छात्र-छात्राओं को विटिलिगो के प्रति जागरूक किया गया। लोगो को सम्बोधित करते हुए डॉ. अंकिता आचार्य, एवं डॉ. राकेश कुमार मीना ने बताया कि वर्ल्ड विटिलिगो डे हर साल 25 जून को मनाया जाता है, इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में विटिलिगो यानी सफेद दाग की समस्या को लेकर जागरूकता फैलाने और इसके पीड़ित मरीजों के साथ होने वाले सामाजिक भेदभाव को खत्म करना है। विटिलिगो एक स्क्रीन से जुड़ी बीमारी है, जिससे शरीर पर सफेद रंग के धब्बे पड़ जाते हैं यह एक संक्रामक रोग नहीं है, लेकिन लोग इसे गलत समझते हैं इसलिए इस दिन के जरिए लोगों के बीच फैले मिथक और गलतफेहमियों को दूर करने की कोशिश की जा रही है।

### दो बाल श्रमिक मुक्त कराए

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट की माता का थान और नागौरी गेट पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो बालकों को बालश्रम से मुक्त करवाया। एक बालक दूध भंडार पर कार्य करते मिला तो दूसरा नमकीन की दुकान पर भट्टी के साथ पैकिंग कार्य में लगा हुआ था। बालकों को चाइल्ड हैल्प लाइन के सुपुर्द किए जाने के बाद सुधार गृह भिजवाया गया। संचालकों के खिलाफ जेजे एक्ट में कार्रवाई कर हिदायत दी गई। माता का थान थाने के एसआई हरखाराम ने रामसागर चौराहा के पास में भव्य अरोड़ा स्वीट पर रेड दी। जहां एक बालक दूध भंडार पर कार्य करते मिला। इस पर बालक को श्रम से मुक्त करवाने के साथ संचालक 80 फीट रोड माता का थान निवासी संस्कार अरोड़ा के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। दूसरी तरफ नागौरी गेट थाने के एसआई दिनेश ने कांच अस्पताल के पास एसएम शाही नमकीन पर रेड दी। जहां एक बालक भट्टी पर कार्य करने के साथ सामान बेचने, पैकिंग आदि कार्य में लगा हुआ था। दुकानदार सिंधी भुट्टों का बास किलो रोड निवासी छोटू खां के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### दो युवकों के पास मिला डोडा पोस्त

**जोधपुर**, (कासं) । शहर की डांगियावास पुलिस ने कस्बा क्षेत्र में अवैध डोडा पोस्त के साथ बाड़मेर के दो युवकों को पकड़ा है। उनके पास सामान की तलाशी लिए जाने पर 16.9 किलो अवैध डोडा पोस्त मिला। दोनों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से अठिाम पूछताछ की जा रही है। डांगियावास पुलिस के अनुसार वे मंगलवार को गश्त के समय कस्बा क्षेत्र में दो युवक पैदल जाते दिखाई दिए जिस पर उन्हें रोक कर तलाशी ली गई। तब युवकों के पास में थैले में 16 किलो 920 ठााम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर आरोपी बाड़मेर के बाघा सेड़वा निवासी नरपत विश्नोई पुत्र भगाराम एवं आलिस्सर सेड़वा बाड़मेर निवासी रघुराथराम पुत्र हरिराम विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी यह डोडा पोस्त कहां और किससे लाए इस बारे में अठिाम पड़ताल जारी है।

### भजनलाल शर्मा की तारीफ की

**जोधपुर**, (कासं) । पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार देर रात रेल द्वारा जोधपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री की तारीफ की। अशोक गहलोत ने कहा कि जो उन्होंने कहा है, उस बात को कहने का साहस होना चाहिए। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने साहस दिखाया है, बहुत बड़ी बात है। मैं उनकी हिम्मत की दाद देता हूं। गौरतलब है कि सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा था कि कांग्रेस पहले अपने 5 साल के कार्यकाल और हमारे डेढ़ साल के कार्यकाल की समीक्षा करें। फिर रिपोर्ट देखकर बताइए, किसका कार्यकाल भारी है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच साल पर हमारे डेढ़ साल भारी है।

### केन्द्रीय कारागृह जोधपुर का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जोधपुर महानगर अजय शर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव राकेश रामावत ने बुधवार को केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह के जेलर, अन्य संबंधित अधिकारी, कारागृह स्टाफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के अधिवक्ता एवं पैनल लॉ ऑफिसर (पीएलवी) उपस्थित रहे। सचिव रामावत ने निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं का जायजा लिया। जेल विधिक सेवा क्लिनिक की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई।

## मोक्ष के लिए 1121 लावारिस मृतकों की अस्थियां गंगा की गोद में प्रवाहित

**जोधपुर**, (कासं) । समाज में सेवा और मानवता की मिसाल कायम करते हुए, हिंदू सेवा मंडल जोधपुर ने एक बार फिर अपने निस्वार्थ कार्यों से सभी को प्रेरित किया है। मोक्ष प्राप्ति की कामना के साथ मंडल के 21 सदस्यीय शिष्टमंडल ने 1121 लावारिस और असहाय मृतकों की अस्थियां हरिद्वार के हर की पौड़ी पर मां गंगा की गोद में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से प्रवाहित की।

हिंदू सेवा मंडल के प्रधानमंत्री विष्णुचंद्र प्रजापत ने बताया कि ये अस्थियां पिछले दो वर्षों से जोधपुर के सिवांची गेट स्थित स्वर्गाश्रम के अस्थि बैंक में सुरक्षित रखी गई थीं। तय मुहूर्त में इन्हें शोभायात्रा के रूप में मंडल कार्यालय लाया गया। फिर घंटाघर प्रांगण में आमजन के दर्शनार्थ रखा गया। मृत आत्माओं की शांति और मोक्ष के लिए गीता पाठ और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

सोमवार को लोगों की उपस्थिति में शिष्टमंडल के साथ अस्थियां हरिद्वार के लिए रवाना हुईं। हर की पौड़ी घाट पर विधायक मदन कौशिक के आतिथ्य में गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ और मंडल अध्यक्ष महेश जाजड़ा की अध्यक्षता में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इन सभी अस्थियों का विसर्जन किया गया।

इस कार्य में मंडल के प्रधान महेश कुमार जाजड़ा, उपप्रधान भेरूप्रकाश दाधीच, प्रधानमंत्री विष्णुचंद्र प्रजापत, कोषाध्यक्ष कैलाश जाजू, संस्कार मंत्री राकेश गौड़, सुरेश पारिक, मदन सैन, ताराचंद शर्मा, प्रेमराज खिवसरा, दिनेश रामावत, नरेंद्र सिंह गहलोत, सुरेंद्र सिंह सांखला, हन्वतराज गाछ्छा, यतिंद्र प्रजापत, गौरीशंकर गांधी, महेंद्रसिंह तंवर, प्रदीप सांखला, रामेश्वर दाधीच, महिमराज गौड़, मोहित राज गौड़ आदि शामिल रहे।

हिंदू सेवा मंडल पिछले 100 वर्षों से मानव सेवा में समर्पित है। मारवाड़ कुंभ भोगीशैल परिक्रमा का संचालन, बाबा रामदेव मेले में नि:शुल्क भोजन, यात्रियों को घर पहुंचाने की व्यवस्था आदि सेवा कार्य करती आ रही है।

# विश्व विटिलिगो दिवस मनाया



चर्म रोग विभाग मथुरा दास माथुर चिकित्सालय जोधपुर में विश्व विटिलिगो दिवस मनाया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। हर साल 25 जून को चर्म रोग विभाग मथुरा दास माथुर चिकित्सालय जोधपुर में विश्व विटिलिगो दिवस मनाया जाता है, जिसका आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज राव , डॉ. दिलीप कच्छावा ( वरिष्ठ आचार्य एवं पूर्व प्रधानाचार्य मेडिकल कोलेज) तथा समस्त चिकित्सक संकाय चर्म रोग विभाग द्वारा किया जाता है, ताकि विटिलिगो, एक त्वचा रोग जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है, के बारे में जागरूकता फैलाई जाए।

यह दिन विटिलिगो के बारे में लोगों को शिक्षित करने, इससे प्रभावित लोगों का समर्थन करने और बेहतर चिकित्सा उपचारों व सामाजिक स्वीकृति के लिए वकालत करने का मंच प्रदान करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज विश्व विटिलिगो दिवस के अवसर पर मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर के चरम एवं रति रोग विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विटिलिगो के रोगियों एवं उनके परिजनों तथा आम जनको इस रोग के बारे में जानकारियां दी गई , जो इससे संबंधित भ्रांतियां को दूर करने तथा विटिलिगो के मरीजों की सामाजिक परेशानियों को कम करने में मदद करेगा।

इस संगोष्ठी में क्षेत्र के सभी चर्म रोग विशेषज्ञ , विटिलिगो से पीड़ित मरीज एवं उनके परिजन तथा आमजन भाग लिया।

## शिविर आयोजित

**पोकरण**, (कासं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के भणियाणा उपखंड क्षेत्र केभुर्जगढ, मेराज्य सरकार की ओर से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुर्जगढ में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राजस्थान सरकार का आभार जताया।

इस अवसर पर फलसूण्ड के तहसीलदार सुनील कुमार, नायब तहसीलदार गणेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हजारीलाल कुमावत, भुर्जगढ सरपंच सायर कंवर, ग्राम विकास अधिकारी पना राम, कृषि पर्यवेक्षक मनोज कुमार, तथा कनिष्ठ सहायक बलवंता राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इनमे गणेश राम/राजू राम (परबतसर), देवी सिंह/राण सिंह (भुर्जगढ), तथा लछा राम नैना राम शामिल रहे। लाभार्थियों ने योजनाओं से प्राप्त लाभ के लिए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर सरकार की संवेदनशीलता और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप में सामने लाया।

# माण्डोली, आकोली व बागरा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण



जालोर के पास मांडोली ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने लोगों की समस्याएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान बुधवार को 24 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को पखवाडे.के दौरान माण्डोली, आकोली व बागरा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ देखी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी, वन, खाद्य, चिकित्सा, पशुपालन, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन, समाज कल्याण की विभागीय स्टाल पर पहुँचकर कार्मिकों से शिविर की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करना सुनिश्चित करें। पखवाड़े के दौरान बुधवार को जालोर पंचायत समिति की बागरा, आकोली व चांदणा, आहोर पंचायत समिति की चरली, दयालपुरा, अगवरी व घाणा, बागोड़ा पंचायत समिति की जैसावास व सोबड़ावास, सायला पंचायत समिति की आसाणा, तुरा व थलवाड़, भीनमाल पंचायत समिति की भागलसेफ्टा व नरता, जसवंतपुरा पंचायत समिति की दांतलावास व माण्डोली, रानीवाड़ा पंचायत समिति की मैत्रीवाड़ा व गांग, चितलवाना पंचायत समिति की रणोदर, सिवाड़ा व मेघावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सांकड, करावड़ी व हरियाली ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया।

शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

वही पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 26 जून को जालोर पंचायत समिति की भागली सिंधलान व चूरा, आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान, थांवला, चवरछा, रामा व वलदरा, बागोड़ा पंचायत समिति की नांदिया व चैनपुरा, सायला पंचायत समिति की तिलोड़ा, सुराणा व दादाल, भीनमाल पंचायत समिति की दासपां व कावतरा, जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर व भरूडी, रानीवाड़ा पंचायत समिति की कागमाला, चितरोड़ी व आलड़ी, चितलवाना पंचायत समिति की टांपी, दूदवा व सेसावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सरनाऊ, भादरूणा व बिजरोल ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## निजी फाइनेंशियल कंपनी पर हर्जाना लगा

**जोधपुर**, (कासं) । स्थाई लोक अदालत,जोधपुर महानगर ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी है कि जीवन बीमा कंपनी को प्रीमियम प्राप्त होने के बाद यह कहकर बीमा पॉलिसी रद्द करने का अधिकार ही नहीं है कि उन्होंने बीमा पॉलिसी जारी करने से पूर्व ही प्रीमियम रिफंड कर दिया है। अदालत के अध्यक्ष सुकेश कुमार जैन, सदस्य जेठमल पुरोहित, माणकलाल चांडक ने परिवाद मंजूर करते हुए एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज को निर्देश दिया कि प्रार्थी से बतौर ऋण किस्त कटौती के 68 लाख 81 हजार 685 रुपए मय जमा तिथि से 8 फीसदी ब्याज और पांच हजार रुपए हर्जाना अदा करें।

परिवादी नरेंद्र गहलोत ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद पेश कर कहा कि उन्होंने व उनकी पत्नी ने संयुक्त रूप से 60 लाख रुपए का ऋण 29 मार्च 2018 को लिया था। फाइनेंस कंपनी ने 69 हजार 109 रुपए प्रीमियम कटौती कर 31 मार्च 2018 को जीवन बीमा करने वास्ते प्रीमियम राशि एच डी एफ सी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को भेज दी। 23 अप्रैल 2018 को प्रार्थी की पत्नी सुनीता की मृत्यु हो जाने पर प्रार्थी ने वित्तीय संस्था को पत्र देकर कहा कि उनकी पत्नी की मृत्यु हो जाने से बीमा प्रावधान के तहत ऋण की प्रतिमाह किस्त 80 हजार 961 रुपए की कटौती बंद करें और जायदाद के असल कागजात लौटाए।

अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि बीमा कंपनी और वित्तीय संस्था ने मिलकर 31 अगस्त 2018 को कूट रचित मिलीभगत कर बीमा प्रीमियम राशि 69 हजार 109 रुपए प्रार्थी के ऋण खाते में जमा कर दी। उन्होंने कहा कि प्रार्थी की पत्नी की मृत्यु के बाद राशि रिफंड करने से बीमा संविदा समाप्त नहीं हो सकती है। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि उन्होंने चिकित्सकीय अभाव में वित्तीय संस्था के कहने पर बीमा पॉलिसी जारी ही नहीं की है । स्थाई लोक अदालत ने पांच हजार रुपए हर्जाना लगाते हुए प्रकरण मंजूर कर कहा कि बीमा प्रावधान में किसी भी एक ऋणी की मृत्यु होने पर ऋण किस्त बंद हो जाती है।

उन्होंने कहा कि यह निर्विवाद है कि 31 मार्च को प्रीमियम प्रार्थी के ऋण खाते से काटकर बीमा कंपनी को भिजवा दिया गया और प्रार्थी की पत्नी की 23 अप्रैल को मृत्यु हो जाने पर चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर पांच माह बाद 31 अगस्त को बीमा प्रीमियम रिफंड किया जाना पूर्णतया गलत है,क्योंकि एक बार उन्होंने बीमा प्रीमियम स्वीकार कर लिया है तो यही माना जाएगा कि उन्होंने चिकित्सकीय परीक्षण की आपत्ति को स्वयं ने दरकिनार कर दिया है।

उन्होंने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज को निर्देश दिया कि प्रार्थी से प्रतिमाह वसूल की गई किस्त 80 हजार 961 रुपए,जो कि अभी तक 68 लाख 81 हजार 685 रुपए हो चुकी है,जमा तिथि से 8 फीसदी ब्याज सहित प्रार्थी को अदा करें और भविष्य में कोई कटौती नहीं करें और जायदाद के असल दस्तावेज लौटाएं।

उन्होंने एच डी बी फाइनेंशियल सर्विसेज को छूट दी है कि प्रार्थी को राशि रिफंड करने के बाद एच डी एफ सी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने को स्वतंत्र है।